# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2023/12782 रायपुर, दिनांक 24.5.2023

## संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु जिले की स्वीकृत कार्ययोजना के अनसुार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/जिला स्वास्थ्य समिति, जिला रायपुर के अन्तर्गत निम्न संविदा पदों में भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर छ.ग. में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट एवं रजिस्ट्री से **दिनांक 14.06.2023** तक कार्यालयीन समय में सांय 05:30 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से या सीधे आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा। रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है :–

| **S.No.** | **Name of post** | **Name of Programme** | **Salary per Month (In Rs.)** | **Vacant** | **UR** | **SC** | **ST** | **OBC** | **Qualifications and Experiences** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ANM | NHM | 12000 | 3 (PWBD) | 2 (PWBD-OL-Backlog) | 0 | 0 | 1 (PWBD -OL-Backlog) | 12th Passed, ANM Passed from INC affilited Training Center & Live Registration in CG Nursing Registration Council. |
| 2 | Psychiatric Nurse | NMHP | 31500 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** M.Sc. (Psychiatric Nursing) **OR** B.Sc. Nursing with Diploma in Psychiatric Nursing **. 2** Live Registration in CG Nursing Registration Council. **3.**2 Years Experience working in Mental Health Hospital or Clinic. (Desireable – Preference will be given to the candidate having Diploma in Community Mental Health – (Psychiatric Nursing)) |
| 3 | Dental Assistant | NHM | 12000 | 1 | 0 | 0 | 1 (Backlog) | 0 | 1 Matriculation from recognised board. (Preference can be given to candidates done 1 Year course of Lab Technician (Dental Work//Hygienist Or Dental Technician from Medical College.) 2 Experience : 2 Year Experience in Dental Collage Clinic only Govt Health Facility Experience should be considerd. |
| 4 | TBHV | NTEP | 14000 | 1 (PWBD) | 01 (PWBD -OL-Backlog) | 0 | 0 | 0 | 1 Graduate **OR** 2 Intermidiate (10+2) and Experience of working as MPW/LHV/ANM/ Health worker/ Cirtificate Or higher Course in health Education/ Councelling **OR** 3 Tuberculosis health visitors recognised course 4 Certificate course in Computer Application (Minimum 2 month) (Desireable - Training course of MPW Or recognised Sanitory inspector Course) |

क्रमशः..2

| S.No. | Name of post | Name of Programme | Salary per Month (In Rs.) | Vacant | UR | SC | ST | OBC | Qualifications and Experiences |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Technical Assistant - Hearing Impeared Children | NPPCD | 15000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Diploma in training young Deaf & Hearing handicapped (DTYDHH) From RCI Recognized Institute |
| 6 | Nursing Officer-ICU | ICU | 16500 | 8 | 5 (F-1) | 1 | 1 | 1 | BSC Nursing Or GNM Cource Passed & Live registraion in CG Nursing Council. |
| 7 | Securiety Personnel | NHM | 10000 | 4 | 2 | 1 (Backlog) | 1 (Backlog) | 0 | 10th Pass, Fitness Certificate from District Medical Board is Compulsory, Age Limit 21 Years upto 40 Years (Relexation of five Year for SC & ST candidates), Minimum hight 160 cm is complusory, 1 Year Experience as a Securitey guard from Govt/semi govt/Private Institute is complusory. Experience will be count only from govt/semi govt. Institute, Charector Certificate is complulsory from Surpanch/Ward Parshad, In case of selection Police verification will be done. |
| 8 | Block Data Manager | NHM | 21000 | 1 | 0 | 1 (Backlog) | 0 | 0 | Graduate 55% & PGDCA **OR** BCA 55% |
| 9 | Secretarial Assistant (DPMU) | NHM | 13650 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | Graduate with Atleast 1 Year Diploma in Computer Application |
| 10 | Physiotherepist | NUHM | 18000 | 1 | 0 | 0 | 1 (Backlog) | 0 | Bachelor's Degree in Physiotherepist (B.P.T.) |
| 11 | Class IV | NUHM | 10000 | 10 | 8 (F-2) (1-PWBD - OA/OL Backlog) | 0 | 1 | 1 | 5th Passed |
| 12 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - | NUHM | 12000 | 7 | 5 (F-1) | 1 | 0 | 1 | 12th Pass with Atleast 1 Year Diploma in Computer Application |

क्रमशः...3

| S.No. | Name of post | Name of Programme | Salary per Month (In Rs.) | Vacant | UR | SC | ST | OBC | Qualifications and Experiences |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Senior Treatment Supervisor (STS) | NTEP | 17500 | 5 | 4 (F-1) | 1 | 0 | 0 | Essential Qualification :<br>1. Bachelor's Degree Or Recognized Sanitary Inspector course.<br>2. Certificate course in Computer Operation (Minimum 2 Months)<br>3. Permanent Two Wheeler Driving License & Should be able to Drive Two Wheeler<br>Desirable Qualification :<br>1. Tuberculosis health visitors recognized course.<br>2. Govt recognized degree/Diploma in Social work or Medical Social work.<br>Successful completion of basic training course (Govt recognized) for Multi-purpose health workers |
| 14 | Secreterial Assistant | NCD | 13650 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Graduate with Atleast 1 Year Diploma in Computer Application |
| 15 | ANM | NUHM | 12000 | 06 (PWBD) | 5 (PWBD -OL) Backlog | 1 (PWBD - OL) Backlog | 0 | 0 | 12th Passed, ANM Passed from INC affilited Training Center & Live Registration in CG Nursing Registration Council. |
| 16 | HWC Sangwari - 01 | HWC | 13500 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Any Graduate +MSW (Desireable – Experience in Data Entry) |
| 17 | HWC Sangwari - 02 | HWC | 13500 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Any Graduate +PGDCA (Desireable – Experience in Data Entry) |
| 18 | Peer Supporter | NVHCP | 10000 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | The peer Supporter should be a person preferably with or recovered from the disease (Hepatitis B or Hepatitis C), with a Minimum of intermediate (12th from Science) level Education. S/he must also have sound knowledge of local language and working knowledge of English. |
| 19 | Nursing Officer | NHM | 16500 | 8 | 5 (1 PWBD-OL-Backlog) | 1 | 1 | 1 | BSC Nursing Or GNM Cource Passed & Live registraion in CG Nursing Council. |
| 20 | Staff Nurse (NRC) | NHM | 16000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BSC Nursing Or GNM Cource Passed & Live registraion in CG Nursing Council. |
| 21 | Cleaner (SNCU) | NHM | 8800 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 8th Pass |

क्रमशः...4

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | House Keeping Staff | NHM | 10000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 8th Pass |
| 23 | Nursing Officer | NUHM | 16500 | 5 | 2 (1 PWBD - OL- Backlog) | 1 (PWBD - OL) Backolg | 1 (Backolg) | 1 (PWBD -OL) Backolg | BSC Nursing Or GNM Cource Passed & Live registraion in CG Nursing Council. |
| 24 | Jr. Secreterial Assistant (PHC Level) | NHM | 12000 | 6 | 2 (1 PWBD - OL) | 2 | 0 | 2 | 12th Pass with Atleast 1 Year Diploma in Computer Application |

**टीप :– पदवार रिक्तियों की संख्या कम या ज्यादा हो सकती है।**

**OL – One Leg**

**OA – One Arm**

**F – Female**

**PWBD – Person with Benchmark Disability**

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र रायपुर जिले की वेबसाईट www.raipur.gov.in में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होंगा।

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**

1. आवेदक आवेदन का प्रारूप रायपुर जिले की वेबसाईट www.raipur.gov.in में देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होंगा।
2. आवेदन निर्धारित प्रारूप में पूर्णतः भरकर बंद लिफाफे में **दिनांक** 14.06.2023 तक सांय 5:30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायपुर (छ.ग.) के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगें।
3. आवेदक को आवेदन करते समय लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, कार्यक्रम का नाम एवं संवर्ग (अनारक्षित, अ.जा., अ.ज.जा, अ.पि.व.) स्पष्ट रूप से उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
4. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
5. विज्ञापन जारी करने के उपरान्त निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त ना होने पर या डाक द्वारा विलंब के लिये विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विज्ञापित समस्त पद संविदा आधार पर होंगे।

**आयु सीमा :–**

1. संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी।
2. आयु की गणना अनुबंध वर्ष दिनांक 01 जनवरी 2023 के अनुसार की जावेगी।

**संविदा अवधि एवं संविदा नियम :–**

1. संविदा सेवा की अवधि नियुक्ति दिनांक से 31 मार्च 2024 तक के लिये होगी। जो कि प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों/अधिकारियों का वार्षिक कार्यमूल्यांकन कर अनुसंशा, संविदा सेवा की निरंतरता का निर्धारण किया जा सकेगा।
2. संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुस्त मानदेय या अन्य राशि प्रावधानित ROP अनुसार देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।

क्रमशः...5

**आवेदन शुल्क :–**

1. आवेदन शुल्क का विवरण निम्न प्रकार है :–

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह <=25000 | मानदेय प्रतिमाह >25000 |
|---|---|---|
| दिव्यांगजन/अ.जा./अ.ज.जा./महिला | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित वर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

2. आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **जिला स्वास्थ्य समिति, रायपुर या District Health Society, Raipur** के नाम से जारी डिमांड ड्राफ्ट आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नही होगा। अन्य नाम से संलग्न डिमांड ड्राफ्ट मान्य नही होगा एवं आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा।
3. एक से अधिक पदों में भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन एवं निर्धारित शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) प्रस्तुत करना होगा।
4. आवेदन प्रारूप में डिमांड ड्राफ्ट का क्रमांक, दिनांक एवं राशि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
5. बिना आवेदन शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) के आवेदन करने पर आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा।

**चयन की प्रक्रिया :–**

1. प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरान्त दावा–आपत्ति हेतु पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य दिशा–निर्देश कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाईट www.raipur.gov.in में प्रकाशित किया जावेगा। इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थियों को अन्य किसी भी माध्यम से भर्ती संबंधी पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।
2. प्राप्त आवेदनों में से मेरिट अनुसार रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये गये संख्या अनुसार अभ्यर्थियों को पद अनुरूप दस्तावेज सत्यापन/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आहूत किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |

3. आवेदन प्रारूप के साथ एवं कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों एवं एक स्व–प्रमाणित प्रति के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
   - ✓ 5वीं की अंकसूची। (सिर्फ चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु तथा जन्मतिथि प्रमाण हेतु अन्य दस्तावेज)
   - ✓ 10वीं की अंकसूची जन्मतिथि प्रमाण हेतु।
   - ✓ 12वीं की अंकसूची।
   - ✓ निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्रत्येक वर्ष की अंकसूची।
   - ✓ निर्धारित वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची।
   - ✓ छ.ग. काउंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागू है संलग्न करना अनिवार्य है।
   - ✓ जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र।

क्रमशः...6

- ✓ सक्षम अधिकारी द्वारा वैध जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
- ✓ छ.ग. राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र।
- ✓ संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र यदि हो तो (अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नही होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा।)
- ✓ पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, वोटर आई.डी., पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि।)

4. उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रस्तुत ना करने एवं परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरान्त किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेजों के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।

**<u>लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु प्रवीण्य सूची :-</u>**

1. अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी :-

   - शैक्षणिक योग्यता – अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता के सभी वर्षो के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत। ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिये शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत का 60 प्रतिशत।
   - अनुभव – अधिकतम 10/15 अंक, एन.एच.एम. में कार्यरत् अभ्यर्थियों को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 03 अंक) तथा अन्य अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक पूर्ण वर्ष हेतु 02 अंक)। ANM/GNM नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के लिए अनुभव के 4 अंक प्रतिवर्ष अधिकतम 20 अंक दिया जाना प्रावधानित है। अनुभव पद के अनुरूप ही मान्य होगा।
   - लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा – 20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/कम्प्युटर बेस्ड/स्कील टेस्ट/साक्षात्कार आदि के स्वरूप कौशल परीक्षा ली जावेगी।

   **टीप :-** छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा।

   - एक से अधिक प्रकार के अनुभवों में अधिकतम अंक वाले अनुभव का लाभ दिया जावेगा।

2. कौशल परीक्षा हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंक के योग के आधार पर अभ्यर्थियों को मेरिटक्रम अनसुार आमंत्रित किया जावेगा।
3. अंतिम चयन सूची शैक्षणिक योग्यता, अनुभव के अंक एवं लिखित/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के अंक के योग के आधार मेरिटक्रम अनुसार तैयार किया जावेगा। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी उपस्थित नही होता है, तो उनकी दावेदारी निरस्त कर दी जावेगी।
4. प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत एवं 50 से अधिक पदों हेतु 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा। ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरें जा सके।
5. अंतिम चयन सूची व प्रतीक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से आगामी न्यूनतम एक वर्ष तक वैध रहेगी।

क्रमशः...7

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश :–**

1. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। अन्यथा आवेदन निरस्त किये जायेंगे।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित काउंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।
4. जिन पदों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं पास है एवं अन्य पदों जिनके अंकसूची में ग्रेड अंकित है, ऐसे अभ्यर्थियों को अध्ययनरत् संस्था से प्राप्तांक एवं पूर्णांक की जानकारी आवेदन के साथ संलग्न करने पर ही मान्य किये जायेंगें।
3. विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के क्रम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो जाते है तो उनके चयन की प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :–
   1. शैक्षणिक योग्यता का भारांश अंक
   2. कौशल परीक्षा के अंक
   3. आयु (अधिक आयु वाले आवेदकों को प्राथमिकता दिया जावेगा)
4. दावापत्ति के दौरान अभ्यर्थियों के द्वारा अतिरिक्त/पूरक दस्तावेज अलग से स्वीकार नही किया जावेगा एवं दावापत्ति की अंतिम तिथि पश्चात् किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा। साथ ही अपना पहचान पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में जाति प्रमाण पत्र संलग्न ना होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
6. दिव्यांगजनों का जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
7. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत् अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. शासन द्वारा भर्ती संबंधित समय–समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।
9. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत उक्त नियुक्ति एवं चयन की प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन होगी।
10. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा। जो सर्वमान्य होगा।
    (चयन समिति द्वारा अनुमोदित।)

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–रायपुर (छ.ग.)**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साईज फोटा

प्रति,

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
जिला–रायपुर (छ.ग.)

आवेदित पद का नाम ................................................................................

कार्यक्रम का नाम (जिसके तहत् आवेदन किया जा रहा है।) ..........................................

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..........................................
   (अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में) : ..........................................
2. पिता/पति का नाम : ..........................................
3. माता का नाम : ..........................................
4. (अ) जन्म तिथि (अंकों में) : ..........................................
   (ब) आयु 1 जनवरी 2023 की स्थिति में वर्ष ............... माह ...............दिन ............
5. जाति (सामान्य/अनु.जाति./जनजाति/अ.पि.वर्ग) : ..........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें।)
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नही : ..........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें।)
7. क्या आवेदक दिव्यांग है ? : ..........................................
   7.1 दिव्यांगता का प्रतिशत एवं प्रकार : ..........................................
8. भूतपूर्व सैनिक हॉ/नही : ..........................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें।)
9. स्थायी निवास का पता : ..........................................
   : ..........................................
   : ..........................................
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता : ..........................................
    : ..........................................
    : ..........................................
    मोबाईल/दूरभाष नं. ..........................................
    ई–मेल आईडी ..........................................
11. मेडिकल कौंसिल का नाम : ..........................................
    पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक : ..........................................

क्रमशः...2

12. शैक्षणिक योग्यता : (वांछित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावे।)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि./संस्थान | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक /पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. **अनुभव – (केवल शासकीय निकाय द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के आधार पर पूर्ण कालिक ही मान्य होंगें। )**

| क्र. | संस्था का नाम | पदनाम | वेतनमान | कार्यकाल | अनुभव वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| | | | | **कुल अनुभव** | |

14. संलग्न डिमांड ड्राफ्ट का क्रमांक व दिनांक ............................................................ राशि. ...............................

**बैंक का नाम** ..............................................................................................

15. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

1. ........................................ 2. ........................................ 3. ........................................

4. ........................................ 5. ........................................ 6. ........................................

7. ........................................ 8. ........................................ 9. ........................................

10. ........................................ 11. ........................................ 12. ........................................

**आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर**

**<u>घोषणा पत्र</u>**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में प्रस्तुत समसत विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है। यदि कोई भी जानकारी/अभिलेख असत्य पाई जाती है तो मेरी उम्मीद्वारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी एवं मेरे विरूध्द वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। जिसके विरूद्ध दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नही होगा।

**स्थान :–** ..................................

**दिनांक :–** ..................................

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**